
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंकः 328 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
आरबीआई का नरम रुख




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 12 फरवरी 2020

मौसम | अधिकतम 23.0° | न्यूनतम 12.0°

41216.14

2 डॉनल्ड ट्रंप करेंगे भारत का दौरा

7 फील्डिंग बोलिंग खराब इसलिए हारे

**दिल्ली 70/ 70**

**आप 62**

**बीजेपी+ 08**

**कांग्रेस+ 00**

# केजरीवाल की प्रचंड जीत

## ■यह मेरी नहीं, हर दिल्ली वालों की जीतः केजरीवाल

## दिल्ली ने अपने बेटे पर भरोसा किया, नई राजनीति का जन्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रचंड जीत सुनिश्चित होने के बाद पार्टी दफ्तर में कार्यकर्ताओं के सामने आए आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने आते ही सबसे पहले भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद, वंदे मातरम के नारे लगवाए। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालो, गजब कर दिया... आई लव यू। उन्होंने जीत को हर दिल्ली वाले और विकास की जीत करार दिया। केजरीवाल ने यह भी कहा कि आज मंगलवार यानी हनुमानजी की का दिन है और उन्होंने दिल्ली पर अपनी कृपा बरसाई है।

केजरीवाल ने कहा, दोस्तों मैं सभी दिल्लीवासियों को तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने तीसरी बार अपने बेटे पर भरोसा किया है। यह जीत मेरी जीत नहीं है ये सभी दिल्लीवालों की जीत है। यह दिल्ली के हर उस परिवार की जीत है, जिन्होंने मुझे अपना बेटा मानकर जबर्दस्त वोट किया। यह हर उस परिवार की जीत है जिन्हें फ्री बिजली, बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी। जिनका दिल्ली के अस्पतालों में अच्छा इलाज होने लगा है।



### जीत के बाद किए हनुमान जी के दर्शन

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मंगलवार है और हनुमान जी का दिन है। हनुमान जी ने दिल्ली पर कृपा बरसाई है। मैं इसके लिए हनुमान जी को भी धन्यवाद देता हूं। आज मेरी पत्नी का जन्मदिन है। हम प्रार्थना करते हैं कि हनुमान जी हमें सही रास्ता दिखाते रहें ताकि हम अगले पांच वर्षों तक लोगों की सेवा करते रहें। श जीत के बाद परिवार के साथ अरविंद केजरीवाल हनुमान मंदिर गए और उनका दर्शन किया।

दिल्ली में लगातार दूसरी बार एकतरफा जीत हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी के मुखिया ने कहा कि यह नई किस्म की राजनीति की शुरुआत है। उन्होंने कहा, दिल्ली के लोगों ने आज एक नई किस्म की राजनीति को जन्म दिया है। जिसका नाम है काम की राजनीति। दिल्ली के लोगों ने अब संदेश दे दिया कि वोट उसी को जो मोहल्ला क्लीनिक बनवाएगा। वोट उसी को सस्ती बिजली, घर घर को पानी देगा। हमारे मोहल्ले में सड़क बनवाएगा। यह नई किस्म की राजनीति है और यह देश के लिए शुभ संकेत है। यह केवल दिल्ली के लिए जीत नहीं है बल्कि भारत माता की जीत है, यह पूरे देश की जीत है।

### बीजेपी ने आंकड़ा सुधारा

2015 चुनावों बीजेपी को 3 सीटों पर जीत मिली थी लेकिन इस बार भगवा दल ने अपनी टैली को मजबूत किया है। बीजेपी ने इस चुनाव में शाहीन बाग और सीएए को मुद्दा बनाया था लेकिन उसे इससे ज्यादा फायदा होता नहीं दिखा। पार्टी को इस मुद्दे के भरोसे जीत का भरोसा था लेकिन केजरीवाल के कामों के आगे बीजेपी की एक नहीं चली।

**कांग्रेस का क्या होगा?**

इन चुनावों में सबसे बुरी स्थिति कांग्रेस की रही। 2015 चुनावों में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली थी और इसबार भी पार्टी को खाता खोलते नहीं दिख रही है। पार्टी की बुरी स्थिति हो गई है। उसका वोट शेयर भी सिंगल डिजिट में चला गया है। कांग्रेस ने हार भी स्वीकार कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुजफ्फरपुर शेल्टर होमः मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर को उम्रकैद की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुजफ्फरपुर। बिहार की राजनीति में भूचाल लाने वाले मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस में मुख्य आरोपी ब्रजेश ठाकुर को उसके शेष जीवन के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। 20 जनवरी को दिल्ली की साकेत कोर्ट ने इस मामले में ब्रजेश ठाकुर समेत 19 आरोपियों को दोषी ठहराया था। इन सभी को शेल्टर होम में रहने वाली लड़कियों के यौन उत्पीड़न का दोषी करार दिया गया था।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर दीनदयाल पार्क स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी, महान विचारक और हमारे पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अनुश्रवण से देश व समाज का उत्थान होगा।

### शुक्रिया, दिल्ली के लिए केंद्र के सहयोग की है उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 2015 जैसे प्रदर्शन को दोहराते हुए जबरदस्त जीत हासिल करने वाले अरविंद केजरीवाल को बधाई दी है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को दिल्ली के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट किया, दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के लिए आप और अरविंद केजरीवाल को बधाइयां। उन्हें दिल्ली के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं।

जवाब में केजरीवाल ने ट्वीट किया, बहुत-बहुत धन्यवाद सर। हमारे कैपिटल सिटी को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए मैं केंद्र के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता हूं।

# रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे

## आप को प्रचंड बहुमत, बीजेपी ने हार स्वीकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) प्रचंड बहुमत की तरफ बढ़ रही है जबकि बीजेपी को 10 प्रतिशत सीटों पर सिमटता देख पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि बीजेपी दिल्ली की जनता के जनादेश का सम्मान करती है और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

वहीं, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी मंगलवार शाम को जब मीडिया के सामने आए तो उनके चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही थी। वह एग्जिट पोल के समय भी काफी आश्वस्त दिखे थे। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि सभी सर्वे फेल होंगे, उनका ट्वीट संभाल कर रख लीजिएगा। हालांकि आधिकारिक नतीजे एग्जिट पोल की तरह ही आए। नड्डा ने मंगलवार को ट्वीट किया, बीजेपी दिल्ली की जनता द्वारा दिए गए जनादेश का सम्मान करती है। सभी कार्यकर्ताओं ने इस चुनाव में अथक परिश्रम किया और दिन रात चुनाव में लगे रहे हैं। सभी कार्यकर्ताओं का ह्रदय से अभिनंदन और साधुवाद।

बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने सीएम केजरीवाल को जीत की बधाई दी और कहा कि विपक्ष में बैठकर हमारी पार्टी दिल्ली के विकास से जुड़े हर मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने कहा, बीजेपी इस जनादेश को स्वीकारते हुए रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और प्रदेश के विकास से जुड़े हर मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी। इस विश्वास के साथ कि आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली का विकास करेगी, मैं अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को बधाई देता हूं।

### मनोज तिवारी बोले- हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने हार को स्वीकार करते हुए कहा कि हम इस नतीजे का विश्लेषण करेंगे। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, कार्यकर्ताओं ने जो कठिन परिश्रम किया है, उन्हें उनकी मेहनत के लिए साधुवाद देता हूं। दिल्ली की जनता का जनादेश सिर माथे पर रखते हुए मैं अरविंद केजरीवाल जी को बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह दिल्ली की आकांक्षाओं के अनुरूप दिल्ली सरकार में अच्छा करते हुए राजधानी की अपेक्षाओं की पूर्ति करेंगे।

## निर्भया केसः विनय की गुहार, फांसी नहीं उम्रकैद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप व मर्डर केस के एक दोषी विनय शर्मा ने राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका खारिज करने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। विनय के तरफ से पेश हुए वकील ए पी सिंह ने फांसी को आजीवन कारावास में बदलने की भी अपील की। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 1 फरवरी को विनय की याचिका खारिज कर दी थी।

बता दें कि निचली अदालत ने चारों दोषियों की फांसी पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। चारों दोषियों विनय शर्मा, मुकेश कुमार सिंह, पवन गुप्ता और अक्षय ठाकुर को 1 फरवरी की सुबह फांसी दी जानी थी।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# उत्तराखण्ड में आप कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर बड़ी जीत दर्ज करते हुए सत्ता पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। वहीं कांग्रेस एक बार फिर अपना खाता नहीं खोल सकी है। दोबारा केजरीवाल को मिले जनाधार को उत्तराखण्ड के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता देश के लोकतंत्र की जीत बता रहे हैं।

आठ फरवरी को हुए मतदान के बाद तमाम एक्जिट पोल के जो नतीजे दिखाये गये थे वही नतीजे कमोवेश मतगणना के समय भी देखने को मिले है। आप एक बार फिर 51 फीसदी मतों के साथ जबरदस्त जीत दर्ज करने में सफल रही है। बीते चुनाव में 30 फीसदी वोट प्रतिशत के साथ तीन सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार अपने वोट प्रतिशत में 9 फीसदी इजाफे के साथ दहाई के अंक के नीचे ही सिमटती दिख रही है और सत्ता में आने के उसके मंसूबे चूर चूर हो गये है। इस जीत के बाद आम आदमी पार्टी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए इसे अपनी सरकार के काम की जीत और भाजपा की नफरत की राजनीति को हार बताया है।

### प्रचंड जीत

बड़ी जीत दर्ज करते हुए सत्ता पर आप का कब्जा बरकरार

**भाजपा राष्ट्रीय मुद्दों व मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ी**

भाजपा ने दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल के मुकाबले न तो अपनी पार्टी का कोई मुख्यमंत्री चेहरा पेश किया था और न स्थानीय मुद्दों को कोई खास तव्वजो दी गयी थी। भाजपा राष्ट्रीय मुद्दों व मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ी थी जबकि आप ने अपने पांच सालों के काम काज को ही अपना चुनावी मुद्दा बनाया था।

**हार को स्वीकार करने में भी हिचकती दिख रही भाजपा**

भाजपा इस हार को स्वीकार करने में भी हिचकती दिख रही है। दरअसल भाजपा को इस चुनाव के इस तरह के नतीजों की संभावनाएं कतई भी नहीं थी। भाजपा ने इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। उसने चुनाव प्रचार में न सिर्फ अपनी पूरी फौज उतारी थी। जिसमें 200 से अधिक सांसद व 5 राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित खुद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री तक शामिल थे। लेकिन इसके बावजूद भी उनके नारे-दावे तथा गाली और गोली पर अरविन्द केजरीवाल व उनकी सरकार का काम भारी पड़ा है।